**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2634**

**दिनांक 4 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए**

ब्रिक्स राष्ट्रों के साथ व्यापार

2634. श्री विजय कुमार दुबेः

श्री धनुष एम॰ कुमारः
श्री जी॰ सेल्वमः
श्री सोयम बापू रावः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ने हाल ही में 11वीं ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) शिखर सम्मेलन में भाग लिया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त सम्मेलन का थीम क्या था;

(ख) क्या भारत अन्य ब्रिक्स राष्ट्रों में व्यापार बाधा/गैर–शुल्क बाधाओं का सामना कर रहा है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा उक्त बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच व्यापार उनके संबंधित कुल अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की तुलना में काफी कम है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान भारत का ब्रिक्स राष्ट्रों के साथ व्यापार का देश–वार ब्यौरा क्या है तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की तुलना में भारत की अंतर–ब्रिक्स व्यापार में कितनी हिस्सेदारी है;

(ङ) उक्त सम्मेलनों के परिणामस्वरूप वित्त और व्यापार के क्षेत्र में सामान्य तौर पर विकासशील देशों विशेषकर भारत को क्या लाभ प्राप्त होने की संभावना है;

(च) क्या सरकार ने व्यापार में वृद्धि के लिए ब्रिक्स राष्ट्रों के साथ चर्चा की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर ब्रिक्स राष्ट्रों की क्या प्रतिक्रिया है; और

(छ) सरकार द्वारा ब्रिक्स राष्ट्रों के साथ व्यापार में वृद्धि करने के लिए उठाए गए अन्य कदमों या उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): भारत ने दिनांक 14 नवंबर, 2019 को "अभिनव भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि" विषय पर ब्रासिलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लिया था।

(ख): वर्ष 2018 में ब्रिक्स राष्ट्र व्यापार को सुलभ बनाने और परस्पर व्यापार प्रवाह में वृद्धि करने की दृष्टि से व्यापार के तकनीकी अवरोधों की पहचान करने, रोकने और प्रशमन करने के लिए तकनीक विनियमों, मानको, मीट्रोलोजी एवं संपुष्टता आकलन प्रक्रियाओं सम्बंधी

अबाध्यकारी एवं स्वैच्छिक वर्किंक तंत्र बनाने पर सहमत हुए थे। ब्रिक्स राष्ट्रों सहित भारत के व्यापार को बढाने के उद्देश्य से सरकार संस्थागत तंत्रों जैसे संयुक्त आयोग की बैठकों (जेसीएमएस) और संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) के माध्यम से बाजार पहुंच और गैर प्रशुल्क उपायों जैसे मुद्दों का नियमित आधार पर समाधान करती है।

(ग) और (घ) : इंट्रा ब्रिक्स व्यापार का उसके वैश्विक व्यापार में प्रतिशत हिस्सा 10.61 प्रतिशत (2017) है। इंट्रा ब्रिक्स व्यापार का ब्यौरा अनुबंध - I तालिका 1 में दिया गया है। वर्तमान वर्ष सहित विगत पांच वर्षों के दौरान ब्रिक्स राष्ट्रों के साथ भारत के व्यापार का देश वार ब्यौरा अनुबंध-I तालिका 2 में दिया गया है। भारत का इंट्राब्रिक्स व्यापार का इसके वैश्विक व्यापार में प्रतिशत हिस्सा अनुबंध I तालिका 3 में दिया गया है।

(ङ.) (च) और (छ) : इन सम्मेलनों में भागीदारी पारस्परिक हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। ये वार्ताएं विभिन्न मुद्दों पर अनुरूपता विकसित करने में सहायता करती हैं और इनसे ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच व्यापार तथा निवेश संबंधों में घनिष्ठ सहयोग और सुदृढता प्रदान की जा सकती है। इन वर्षों में व्यापार और निवेश के क्षेत्र में ब्रिक्स भागीदारों के बीच सतत भागीदारी के माध्यम से सहयोग सुदृढ हुआ है। ब्रिक्स और अन्य विकासशील देशों में अवसंरचना तथा सतत विकास परियोजनाओं के लिए संसाधनों का प्रबंध करने के उद्देश्य से न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना की गई है। इस वर्ष व्यापार मंत्रियों की बैठक में ब्रिक्स व्यापार तथा निवेश संवर्धन एजेंसियों/व्यापार संवर्धन संगठनों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह ब्रिक्स के सदस्य राष्ट्रों के बीच अधिकाधिक व्यापार को सुगम बनाने के लिए व्यापार एवं निवेश संवर्धन एजेंसियों/व्यापार संवर्धन संगठनों के बीच सहयोग बढाने हेतु रूपरेखा प्रदान करता है। ब्रिक्स संयुक्त व्यापार अध्ययन समीक्षा की गई और इस अध्ययन से ब्रिक्स राष्ट्रों में अधिक पारस्परिक ज्ञान, आर्थिक सहयोग के साथ-साथ व्यापार और निवेश अवसरों को बढावा देने में सहायता मिलेगी ।

****

अनुबंध-I

तालिका 1: इंट्रा ब्रिक्स व्यापार डेटा (मूल्य बिलियन अम.डा में) (2017)

| देश | विश्व | ब्राजील | चीन | भारत | रूस | दक्षिण अफ्रिका | इंट्रा ब्रिक्स | इसके वैश्विक व्यापार का % हिस्सा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्राजील | 368.49 | | 74.81 | 5.38 | 7.60 | 2.00 | 89.79 | 24.37% |
| चीन | 4107.16 | 87.81 | | 84.22 | 84.39 | 39.20 | 295.61 | 7.20% |
| भारत | 587.36 | 7.97 | 84.42 | | 10.12 | 10.96 | 113.47 | 19.32% |
| रूस | 738.42 | 5.23 | 85.90 | 8.32 | | 0.83 | 100.28 | 13.58% |
| दक्षिण अफ्रिका | 171.30 | 1.96 | 23.89 | 0.75 | 8.05 | | 34.65 | 20.23% |
| **ब्रिक्स** | 5972.73 | | | | | | 633.81 | 10.61% |

स्रोत: कॉम्ट्रेड

**तालिका 2: ब्रिक्स के साथ भारत का व्यापार (बिलियन अमेरिकी डॉलर में)**

| समकक्ष | 2014-2015 | 2015-2016 | 2016-2017 | 2017-2018 | 2018-2019 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्राज़ील | 11.4 | 6.7 | 6.5 | 8.6 | 8.2 | 3.5 |
| चीन | 72.3 | 70.7 | 71.5 | 89.7 | 87.1 | 44.7 |
| रूस | 6.3 | 6.2 | 7.5 | 10.7 | 8.2 | 4.9 |
| दक्षिण अफ्रीका | 11.8 | 9.5 | 9.4 | 10.7 | 10.6 | 5.4 |
| भारत का कुल इंट्रा-ब्रिक्स | 101.9 | 93.1 | 94.8 | 119.6 | 114.1 | 58.5 |

**स्रोत: डीओसी**

**तालिका 3: वैश्विक व्यापार के लिए भारत के इंट्रा-ब्रिक्स व्यापार का प्रतिशत हिस्सा**

| देश | 2014-2015 | 2015-2016 | 2016-2017 | 2017-2018 | 2018-2019 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्राज़ील | 1.5 | 1.04 | 0.99 | 1.11 | 0.97 | 0.9 |
| चीन | 9.54 | 10.99 | 10.82 | 11.66 | 10.31 | 11.0 |
| रूस | 0.84 | 0.96 | 1.13 | 1.39 | 0.97 | 1.2 |
| दक्षिण अफ्रीका | 1.56 | 1.48 | 1.42 | 1.39 | 1.25 | 1.3 |
| भारत का इंट्रा-ब्रिक्स | 13.44 | 14.47 | 14.36 | 15.55 | 13.5 | 14.4 |

**स्रोत: डीओसी**

नोट: 2019-20 का डेटा अप्रैल से सितंबर , 2019 तक का है।